भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 551*

जिसका उत्तर मंगलवार, 05 मई, 2015 को दिया जाना है

रुग्ण सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश

551*. श्री बी. श्रीरामुलु:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन रुग्ण सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों का संचित घाटा उपक्रम-वार कितना है;

(ख) क्या सरकार द्वारा देश के रुग्ण सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश आकर्षित करने की योजना बनाई गई है/कोई कार्य योजना बनाई जा रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी स्थिति क्या है;

(घ) क्या कुछ रुग्ण सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों ने निवेश प्रस्तावों में अधिक रुचि नहीं दिखाई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी उपक्रम-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अनंत ग. गीते)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

<u>विवरण</u>

'रुग्ण सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश' के संबंध में श्री बी. श्रीरामुलु द्वारा दिनांक 05.05.2015 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 551* के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क): वर्ष 2011-12, 2012-13 और 2013-14 के लिए भारी उद्योग विभाग के अंतर्गत केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा उठाई गई निवल हानियों का ब्यौरा निम्नवत है:-

क्र.सं.	**सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम का नाम**	**निवल लाभ/हानि (रु. करोड़ में)**		
	हानि उठा रहे केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम	**2011-12**	**2012-13**	**2013-14**
1	बीएचईएल-ईएमएल	-0.38	-0.55	-1.06
2	हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड	6.89	-18.09	-8.86
3	हिन्दुस्तान पेपर कार्पोरेशन लिमिटेड	-95.20	-151.87	-118.50
4	नेपा लिमिटेड	-72.90	-84.08	308.86
5	एचएमटी लिमिटेड	-82.20	-145.37	87.21
6	एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड	-46.14	-43.65	-52.66
7	इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड	-67.69	-54.09	-68.61
8	रिचर्डसन एंड क्रूडास लिमिटेड	-16.26	-29.49	-3.83
9	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	-19.94	-6.00	13.60
10	भारत पंप्स एंड कंप्रेसर्स लिमिटेड	-0.91	-27.91	-5.24
11	नगालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड	-11.90	-14.58	-14.73
12	त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड	-53.18	-52.33	-75.87
13	टायर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	-13.23	-20.86	-16.36
14	हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड	-607.39	-648.27	-885.05
15	हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड	-1156.66	-1352.32	-1560.59
16	एचएमटी (बेयरिंग्स) लिमिटेड	-10.12	-2.07	-15.98
17	एचएमटी (चिनार वाचिज) लिमिटेड	-45.40	-44.04	-51.16
18	एचएमटी (वाचिज) लिमिटेड	-253.73	-224.04	-242.48
19	तुंगभद्रा स्टील प्रॉडक्ट्स लिमिटेड	-28.75	-31.15	-31.91

(ख) से (ङ): भारी उद्योग विभाग के नियंत्रणाधीन सरकारी क्षेत्र के रुग्ण उपक्रमों में निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा अभी तक किए गए विभिन्न प्रयास सफल नहीं रहे हैं।

****